भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर टी रवि शंकर ने कहा है कि जल्द पेश की जाने केंद्रीय बैंक की डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) से निजी डिजिटल मुद्रा बिटकॉइन को लेकर जो थोड़ा बहुत भी मामला बनता है, वह 'समाप्त' हो जाएगा. उल्लेखनीय है कि सरकार क्रिप्टोकरेंसी पर परामर्श पत्र लाने की तैयारी कर रही है. शंकर ने 'स्टेबल कॉइन' पर भी आपत्ति जताई है जिसे एक प्रकार की मुद्रा कहा जाता है. रिजर्व बैंक बिटकॉइन जैसी क्रिप्टोकरेंसी का पुरजोर विरोध करता रहा है. केंद्रीय बैंक का मानना है कि इन तरह की 'करेंसी' का कोई अंतर्निहित मूल्य नहीं है, इसकी प्रकृति 'सट्टेबाजी' की है. रिजर्व बैंक इस बारे में अपना रुख सार्वजनिक कर चुका है. हालांकि सरकार ने अभी क्रिप्टोकरेंसी को लेकर अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है.

खत्म हो जाएंगे स्मार्टफोन

6G आने से बनेंगे इतिहास का हिस्सा, नोकिया के लुंडमार्क का दावा



■ **दिल्ली, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** फोन से मोबाइल फोन और फिर स्मार्टफोन तक का सफर बहुत छोटा है. बातचीत के लिए तैयार किए गए इस डिवाइस का इतिहास आम लोगों के बीच मुश्किल से कुछ दशक का है.

कयास लगाए जा रहे हैं कि जल्द ही यह इतिहास का हिस्सा भी बन सकते हैं. स्मार्टफोन तेजी से विकसित होने वाले प्रोडक्ट्स में से एक है. आज से 15-20 वर्ष पहले मौजूदा स्मार्टफोन्स के फीचर्स वाले किसी डिवाइस को हाथ में लेकर घूमना एक कल्पना मात्र थी. स्मार्टफोन के तेज विकास की वजह से ही इसके भविष्य पर अब सवाल खड़े हो रहे हैं. दरअसल नोकिया के सीईओ पेक्का लुंडमार्क का मानना है कि साल 2030 तक 6जी टेक्नोलॉजी शुरू हो चुकी होगी, लेकिन तब तक स्मार्टफोन 'कॉमन इंटरफेस' नहीं होंगे. उन्होंने ये बात दावोस में चल रहे वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में कही है. उन्होंने कहा कि कॉमर्शियल मार्केट में 2030 तक 6जी की एंट्री हो जाएगी.

ब्रेन कम्प्यूटर इंटरफेस पर हो रहा काम : उन्होंने कहा कि 6जी के आने से पहले ही लोग स्मार्टफोन की तुलना में स्मार्ट ग्लासेस और दूसरे डिवाइस को यूज करने लगेंगे. नोकिया सीईओ ने बताया तब तक, हम जिन स्मार्टफोन्स को यूज कर रहे हैं, वह सबसे ज्यादा यूज होने वाला इंटरफेस नहीं रह जाएंगे. इनमें से बहुत सी चीजें हमारी बॉडी में सीधे तौर पर मिलने लगेंगी. हालांकि लुंडमार्क ने ये नहीं बताया है कि वह किस डिवाइस के बारे में बात कर रहे हैं. एलन मस्क की न्यूरालिंक जैसी कुछ कंपनियां फिलहाल इस पर काम कर रही हैं और ब्रेन कम्प्यूटर इंटरफेस तैयार कर रही हैं. पिछले साल अप्रैल में मस्क ने एक फुटेज रिलीज कर इसका डेमो दिखाया था. वीडियो में उन्होंने दिखाया कि कैसे एक मेल मकाक (अफ्रीकी लंगूर) के दिमाग में चिप लगाई गई है और वह 'माइंड पॉन्ग' प्ले कर रहा है. लंगूर को जॉयस्टिक मूव करने के लिए ट्रेंड जरूर किया गया था, लेकिन इस टेस्ट के दौरान उसके अनप्लग रखा गया था. मकाक पैडल को अपने दिमाग की मदद से कंट्रोल कर रहा था. हालांकि उसे ऐसा लग रहा था कि वह जॉयस्टिक की मदद से ऐसा कर पा रहा है.

कब तक आएगा 6जी?

6जी को लेकर अभी बहुत सी चीजें क्लियर नहीं है. भारत अभी 5जी की लॉन्चिंग की तैयारी कर रहा है. हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6जी पर बताया था कि एक टास्ट फोर्स को तैयार किया गया है. इस साल के अंत तक हमें भारत में 5जी टेक्नोलॉजी देखने को मिल जाएगी.

टाटा बनाएगी जेवर एयरपोर्ट

दिल्ली (ए). यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) के निर्माण के लिए टाटा ग्रुप को बड़ी जिम्मेदारी दी है. कंपनी टर्मिनल, एक रनवे और अन्य सहायक भवनों का निर्माण करेगी. यमुना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने नोएडा में हवाई अड्डे के निर्माण और एक्सेक्यूशन की देखरेख के लिए टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के साथ भागीदारी की है.

5.5 करोड़ डॉलर की संपत्ति जब्त

दिल्ली (ए). देवास के शेयरधारकों ने कनाडा में भारत सरकार की 5.5 करोड़ डॉलर की संपत्ति जब्त कर ली है. कंपनी के वकील ने बताया कि एक उपग्रह सौदे को रद्द करने के खिलाफ कंपनी को मध्यस्थता फैसले में जीत मिली थी. कनाडा की अदालत ने देवास के शेयरधारकों को मांट्रियल में एएआई से संबंधित एक संपत्ति को जब्त करने का अनुमति दी थी.

23 फीसदी स्टार्टअप केवल मुनाफा कमा रहे

यूनिकॉर्न टिकाऊ रोजगार देने में फिसड्डी

नौकरी में सुरक्षा की गारंटी नहीं

■ स्टार्टअप में औसत वेतन बेहद ऊंचा है, लेकिन नौकरी के साथ सामाजिक सुरक्षा के पैमाने पर वह फिसड्डी साबित हो रहे हैं. देश में 100 यूनिकार्न की कुल नौकरियों में केवल 10 फीसदी ईपीएफओ में पंजीकृत हैं. देश में 100 स्टार्टअप ने कुल मिलाकर अभी तक केवल 28 लाख रोजगार दिया है, जिसमें केवल 2.72 लाख ईपीएफओ में पंजीकृत हैं.

■ जबकि देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस के कर्मचारियों की संख्या 5.92 लाख है और सभी ईपीएफओ में पंजीकृत हैं. टीसीएस ने पिछले साल एक लाख से अधिक लोगों को रोजगार दिया. वहीं जौमैटो के साथ 3.16 लाख डिलीवरी पार्टनर जुड़े हुए हैं.

■ **दिल्ली, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** स्टार्टअप के मामले में भारत दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल है. यहां 10 दिन पर एक स्टार्टअप यूनिकार्न बन जाता है यानी उसकी पूंजी 7600 करोड़ रुपये से अधिक (एक अरब डॉलर) हो जाती है, लेकिन बात जब रोजगार के मोर्चे पर आती है तो वह बड़ी कंपनियों के मुकाबले फिसड्डी साबित होते जा रहे हैं. पिछले पांच साल में भारत में 100 यूनिकार्न मिलकर टीसीएस के मुकाबले आधा रोजगार भी नहीं दे पाए हैं. वहीं अब छंटनी का दौर भी शुरू हो चुका है. वित्त और शिक्षा क्षेत्र में सबसे अधिक स्टार्टअप हैं, लेकिन केवल शिक्षा क्षेत्र के स्टार्टअप (एडुटेक) ही बेहतर कर पा रहे हैं. वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल और दुनिया के केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने के बाद स्टार्टअप के लिए नई पूंजी जुटाना भी मुश्किल हो रहा है. विशेषज्ञों का कहना है कि स्टार्टअप के लिए आने वाले समय में चुनौतियां बढ़ सकती हैं. जबकि सरकार ने 10 से अधिक कर्मचारियों वाली कंपनियों को भी ईपीएफओ में पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है.

कौन कितना दे रहा रोजगार

बॉयजू	58 हजार
डेल्हीवरी	20 हजार
पीटीएम	10 हजार
पॉलिसी बाजार	10 हजार
फ्लिपकार्ट	10 हजार
रिवल फूड	10 हजार
फाइव स्टार	10 हजार
अनएकेडमी	10 हजार
नोब्रोकर	10 हजार
एडुटेक	65 हजार

QUICK NEWS

बजाज का EMI ऑन टाइम अभियान

मुंबई. वित्त सेवा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी बजाज फाइनेंस ने नया जन जागरूकता अभियान 'हर टाइम ईएमआई ऑन टाइम' शुरू किया है. इस डिजिटल अभियान को अच्छे वित्तीय भविष्य के लिए अच्छी वित्तीय आदतों को अपनाने की जरूरत और फायदों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए शुरू किया है. यह आम जनता को उनके मासिक ऋण की ईएमआई का समय पर भुगतान करने के फायदे बताएगा. साथ ही यह समय पर ऋण भुगतान करने पर लंबे समय में उनके समग्र वित्तीय स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में भी शिक्षित करेगा.

एसवीपी ग्लोबल का लाभ 3 गुना बढ़ा

मुंबई. कपड़ा उद्योग की कंपनी एसवीपी ग्लोबल टेक्सटाइल्स ने वित्त वर्ष 2021-22 में करीब 3 गुना की भारी वृद्धि के साथ 71.28 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है. जबकि पिछले वित्त वर्ष में कंपनी को 24.85 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था. कंपनी का सालाना कारोबार भी 25 फीसदी बढ़कर 1,778 करोड़ रुपये तक पहुंच गया.

नहीं जोड़ सकते हैं सेवा शुल्क

■ **दिल्ली, न्यूज एजेंसियां.** केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने स्पष्ट तौर पर कहा कि रेस्तरां खानपान के बिल में 'सेवा शुल्क' नहीं जोड़ सकते हैं लेकिन उपभोक्ता चाहें तो अपनी तरफ से 'टिप' दे सकते हैं. अगर रेस्तरां मालिक अपने कर्मचारियों को ज्यादा वेतन देना चाहते हैं तो वे खानपान उत्पादों के 'मेनू कार्ड' में दरें बढ़ाने के लिए आजाद हैं. इसकी वजह यह है कि देश में खानपान की कीमतों पर कोई नियंत्रण नहीं है.

सर्विस सेक्टर में आई रौनक

मई में 11 साल की सबसे बड़ी तेजी

■ **दिल्ली, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** भारत के सर्विस सेक्टर की गतिविधियों में सुधार जारी है और इस साल मई में इसमें पिछले 11 वर्षों की सबसे तेज वृद्धि हुई. एक मासिक सर्वेक्षण में शुक्रवार को बताया गया कि लागत में बढ़ोतरी के बाजवूद नए व्यवयास में वृद्धि के चलते ऐसा हुआ. मौसमी रूप से समायोजित एसएंडपी ग्लोबल का भारत सेवा पीएमआई व्यवसाय गतिविधि सूचकांक मई में बढ़कर 58.9 हो गया, जो अप्रैल में 57.9 था. अच्छी मांग और नए व्यवसाय में वृद्धि के चलते यह बढ़त हुई. यह लगातार 10वां महीना है, जब सर्विस सेक्टर की गतिविधियों में विस्तार हुआ.

एक क्लिक में 250 करोड़ उड़े

दिल्ली (ए). कभी-कभी जरा सही चूक कितनी भारी पड़ सकती है, इसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल है. ऐसे ही एक घटना बृहस्पतिवार को एनएसई पर ट्रेडिंग के दौरान सामने आई, जब ब्रोकर के एक गलत क्लिक से ही करीब 250 करोड़ रुपये का नुकसान हो गया.

एक्सपोर्ट 15% बढ़ा

इंपोर्ट 56% बढ़ा

■ **दिल्ली, न्यूज एजेंसियां.** भारत ने इस साल मई में अब तक का सबसे ज्यादा मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट (निर्यात) रिकॉर्ड किया है. मई 2022 में मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट 15.46 फीसदी बढ़कर 37.3 अरब डॉलर रहा है. मई 2021 में भारत के मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट की वैल्यू 32.30 अरब डॉलर थी. पेट्रोलियम प्रॉडक्ट्स, इलेक्ट्रॉनिक सामान और केमिकल्स जैसे सेगमेंट में दमदार परफॉर्मेंस के कारण एक्सपोर्ट शानदार रहा है. जहां एक्सपोर्ट में अच्छी ग्रोथ देखने को मिली है. वहीं इंपोर्ट (आयात) में भी तेज उछाल आया है, जिससे इस साल मई में ट्रेड डेफिसिट बढ़कर 23.33 अरब डॉलर पहुंच गया है. मई 2021 में ट्रेड डेफिसिट (व्यापार घाटा) 6.53 अरब डॉलर था.

सूद लाइफ की प्रीमियम आय बढ़ी

687 करोड़ के बीमा दावों का निपटान

■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** भारत के यूनियन बैंक और बैंक ऑफ इंडिया तथा जापान की डाई-इची लाइफ की जीवन बीमा कंपनी स्टार यूनियन डाई-इची लाइफ इंश्योरेंस (सूद लाइफ) की वित्त वर्ष 2021-22 में न्यू बिजनेस प्रीमियम आय 66% की अच्छी वृद्धि के साथ 1,926 करोड़ रुपये रही, जो वित्त वर्ष 2020-21 में 1,164 करोड़ रुपये रही थी. सूद लाइफ की रिन्यूअल प्रीमियम आय भी 20% बढ़कर 2,211 करोड़ रुपये हो गयी. कंपनी का सॉल्वेंसी 31 मार्च 2022 को 2.1 गुना रहा. बीते वर्ष कंपनी ने 687 करोड़ रुपये बीमा दावों का निपटान किया. सूद लाइफ का प्रबंधन कोष (एयूएम) भी 24% बढ़कर 15,052 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया. सूद लाइफ के प्रबंध निदेशक व सीईओ अभय तिवारी ने कहा कि ग्राहक अनुकूल बीमा उत्पादों और मजबूत वितरण नेटवर्क की बदौलत कंपनी तेज ग्रोथ करने में सफल हो रही है.

49 अंक टूटा सेंसेक्स, साप्ताहिक आधार पर बढ़त

मिड और स्मालकैप में भारी गिरावट



■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को उतार-चढ़ाव के बीच हुए कारोबार के अंतिम घंटे में तेज बिकवाली होने से मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 49 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ. आरबीआई की अगले सप्ताह मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले बाजार में धारणा कमजोर रही. तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स कारोबार के दौरान 600 अंक से अधिक चढ़ने के साथ अचानक से बिकवाली के दबाव में आ गया और अंत में 49 अंक की गिरावट के साथ 55,769 अंक पर बंद हुआ. एनएसई का निफ्टी भी अपनी बढ़त को बरकरार नहीं रख पाया और 44 अंक गिरावट के साथ 16,584 अंक पर बंद हुआ. मिड और स्मालकैप शेयरों में फंडों की मुनाफावसूली से भारी गिरावट आई

रिलायंस में जोरदार तेजी

बाजार में आज रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में जोरदार तेजी आई. कंपनी का मुनाफा बढ़ने से उत्साहित फंडों की भारी खरीद से इसका शेयर 55 रुपए बढ़कर नई ऊंचाई के करीब 2780 रुपए पर पहुंच गया.

रुपया 6 पैसे गिरा

विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 6 पैसे की गिरावट के साथ 77.66 प्रति डॉलर पर बंद हुआ.

तेलंगाना की अर्थव्यवस्था

11.55 लाख करोड़

■ **हैदराबाद, न्यूज एजेंसियां.** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था पिछले आठ साल में दोगुना से अधिक होकर 11.55 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है. उन्होंने कहा इसी तरह राज्य में प्रति व्यक्ति आय भी 2014 के 1.24 लाख रुपये से बढ़कर 2021 में 2.79 लाख रुपये हो गई. राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर एक बैठक में राव ने कहा कि तेलंगाना देश का एकमात्र राज्य है जो सभी क्षेत्रों को 24 घंटे बिना किसी रुकावट के गुणवत्ता वाली बिजली और किसानों को मुफ्त बिजली की आपूर्ति कर रहा है.

खेल

खतरे में विहारी की जगह

पुजारा की वापसी से टेस्ट टीम में जगह मिलना मुश्किल

■ **दिल्ली, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** आईपीएल के 15वें सत्र की समाप्ति के बाद भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे की तैयारी में जुट गई है. इस दौरे पर भारत को वनडे और टी20 सीरीज के अलावा 1 टेस्ट मैच भी खेलना है. टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम का एलान हो चुका है. अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा की टीम में वापसी हुई है. इसके साथ ही हनुमा विहारी की जगह पर खतरा मंडराने लगा है. श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में विहारी को पुजारा की जगह मौका दिया गया था. अब पुजारा के टीम में वापस आने पर फिर से विहारी को बेंच पर बैठना पड़ सकता है. विहारी लंबे समय से भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा हैं, लेकिन अब तक टीम में उनकी जगह पक्की नहीं हुई है. मध्यक्रम में खिलाड़ियों के चोटिल होने पर उन्हें मौका दिया गया है, लेकिन विहारी ने लगातार ज्यादा मैच नहीं खेले हैं.

चोटिल खिलाड़ियों की जगह मिलता रहा है मौका : भारतीय टेस्ट टीम में मध्यक्रम में विराट कोहली, पुजारा और अजिंक्य रहाणे जैसे बल्लेबाज खेलते हैं. इन दिग्गज खिलाड़ियों की जगह किसी युवा खिलाड़ी को मौका मिलने की संभावना न के बराबर है. इनमें से किसी एक के चोटिल होने पर विहारी टीम में शामिल किए जाते थे, लेकिन उन्हें लंबे समय तक खेलने का मौका नहीं मिला.

श्रेयस के पास बेहतरीन मौका

करुण नायर ने रहाणे की जगह मौका मिलने पर 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ तिहरा शतक लगाया था. इसके बाद माना जा रहा था कि नायर ने भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की कर ली है. हालांकि, ऐसा हुआ नहीं. रहाणे के फिट होते ही नायर को टीम से बाहर कर दिया गया और फिर उन्होंने अपनी लय खो दी तथा कभी भी पुराने अंदाज में नहीं दिखे. हालांकि, श्रेयस के साथ ऐसा होने की संभावना बहुत कम है. श्रेयस ने अपने पहले मैच में ही शतक लगाकर सभी को प्रभावित किया था.

आनंद ने लगाई विजयी हैट्रिक

■ **स्टावेंजर, एजेंसियां.** भारतीय धुरंधर विश्वनाथन आनंद ने नॉर्वे चेस टूर्नामेंट के क्लासिकल वर्ग में अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए तीसरे दौर में चीन के वांग हाओ को हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की. 52 वर्षीय आनंद ने शुक्रवार को तड़के आर्मागेडोन (सडन डैथ) में यह मुकाबला जीता चूंकि निर्धारित समय तक 39 चालों के बाद मैच ड्रॉ हो गया था. आनंद ने 44 चालों में हाओ को हराया और अब उनके 7.5 अंक हो गए हैं. अमेरिका के वेसले सो 6 अंक लेकर दूसरे और दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन साढे 5 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं.

ठाकुर ने शुरू किया देशव्यापी कार्यक्रम

■ **दिल्ली.** खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को विश्व बाइसिकल दिवस पर देशव्यापी 'फिट इंडिया फ्रीडम राइडर साइकिल रैली' की शुरुआत की और 750 युवा साइकिलिस्टों के साथ 7.5 किमी की दूरी भी तय की. फिट इंडिया अभियान में साइकिलिंग बड़ी भूमिका निभा सकती है.

SBI

भारतीय स्टेट बैंक

कॉरपोरेट सेंटर, स्टेट बैंक भवन, मादाम कामा रोड, मुंबई – 400021

सूचना

शेयरधारकों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि एसबीआई के शेयर का अंकित मूल्य रु. 10 से विभक्त करके रु. 1 करने की प्रक्रिया में बैंक द्वारा जारी शेयर प्रमाण–पत्र, जिनका अंकित मूल्य रु. 10 है, दिनांक 22 नवंबर 2014 से प्रभावी होकर अमान्य हो गए हैं. इस संबंध में दिनांक 05.11.2014 को भारत के राजपत्र में एक अधिसूचना प्रकाशित की गई थी. तदनुसार, सभी उद्देश्यों से, इस सूचना में दिए गए शेयरों के विवरण रु. 1 अंकित मूल्य के शेयर प्रमाण–पत्रों के हैं. एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि बैंक की निम्न उल्लेखित प्रतिभूतियों के लिए शेयर/बॉण्ड प्रमाण–पत्र पंजीकृत धारक/धारकों से उक्त शेयर/बॉण्ड की नियत अवधि में उपयुक्त रूप से पूर्णकृत अंतरण अनुबंध(धों) के साथ/बिना गुम/खो गए हैं और उन्होंने बैंक को उनके नाम से डुप्लिकेट शेयर/बॉण्ड प्रमाण–पत्र जारी करने हेतु आवेदन किया है. कोई भी व्यक्ति जिसका उक्त शेयर/बॉण्ड के संबंध में कोई दावा है, उसे ऐसा कोई भी दावा बैंक के अंतरण अभिकर्ता, मे. एलेंकिट असाइनमेंट्स लिमिटेड, 205-208, अनारकली कॉम्प्लैक्स, झंडेवालाँ एक्सटेंशन, नई दिल्ली – 110055, (ई–मेल आईडी: sbi.igr@alankit.com) पर इस तिथि से 7 दिनों के भीतर के पास दर्ज करवाना चाहिए, अन्यथा, बैंक द्वारा किसी भी आगामी सूचना के बिना, डुप्लिकेट शेयर बॉण्ड प्रमाण–पत्र जारी करने की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी जाएगी.

भारतीय स्टेट बैंक

क्र. सं.	फोलियो सं.	धारक(कों) का नाम	शेयरों की संख्या	प्रमाणपत्र संख्या		विशिष्ट संख्या	
				से	तक	से	तक
1	01003486	बीआर अनुराधा शंकर	330	104840	104841	7398767371	7398767700
2	07128002	रमेश कुमार	600	239099	239099	7464863661	7464864260
3	00775929	संतोष कुमार चौरसिया गीता चौरसिया	690	53282	53283	7386127281	7386127970
4	01124549	संतोष कुमार चौरसिया गीता चौरसिया	500	117527	117527	7405043121	7405043620
5	03249195	जितेंद्र कोचर	500	217519	217519	7456164591	7456165090
6	01663571	रवींद्र अनंत सुर्वे अनंत गणपत सुर्वे	500	149718	149718	7421524011	7421524510
7	02137470	विजय सोंधी विक्रम सोंधी	500	174916	174916	7434405411	7434405910
8	01852136	जी आर सत्यनारायण	500	157268	157268	7425356901	7425357400
9	00834170	शिव राम गोनबरे सविता शिवराम गोनबरे	30	76395	76395	7391946071	7391946100
10	00705412	दीपक कुमार घोष सोमदत्त घोष	530	27602	27603	7379512321	7379512850
11	00712343	ब्रज बिहारी चौबे रूनी चौबे	530	30313	30314	7380272491	7380273020
12	03079229	सीएच विजया लक्ष्मी	10	211500	211500	7453406651	7453406660
13	07502523	सुरजीत सिंह	240	6302593	6302593	8058096552	8058096791
14	01282789	बिमल मित्रा गायत्री मित्रा	500	127114	127114	7409921361	7409921860
15	00804833	जैतुन बक्सला	500	64022	64022	7388721911	7388722410
16	00900004	मिस राधा खन्ना कैलाश रानी	630	99514	99515	7397502481	7397503110
17	00717523	आलोक शाह	760	32327	32328	7380840141	7380840900
18	07403722	दीपा वलसाराज	220	6204429	6204429	8010143783	8010144002
19	02656432	आशुतोष पांडेय	600	206865	206865	7450911601	7450912200
20	07104730	निरंजन कुमार	320	228888	228889	7460428721	7460429040
21	02286892	पूर्णेंदु पॉल	1500	188810	188810	7441572871	7441574370
22	03039930	वेलंकी उषा रानी के एल एन राव	500	210638	210638	7452906731	7452907230
23	03030122	वेलंकी उषा रानी के एल एन राव	1500	210378	210378	7452743421	7452744920
24	03058964	के एल एन राव वी उषा रानी	1000	210981	210981	7453133091	7453134090
25	01052056	वेलंकी उषा रानी के एल एन राव	1000	112438	112438	7402481991	7402482990

उपरोक्त आँकड़े स्टॉक विभक्ति के परिणामस्वरूप रु. 1/– के अंकित मूल्य के वर्तमान शेयरों के विवरण प्रस्तुत करते हैं (रिकॉर्ड दिनांक 21.11.2014).

स्थान: मुंबई — शेयरों की संख्या: 14490 — महाप्रबंधक

दिनांक: 04.06.2022 — प्रमाण पत्रों की संख्या: 32 — (शेयर एवं बांड)

मध्य रेल

ओएचई वर्क्स

खुली निविदा सूचना स.BB.LD.585.W.825.Cont दिनांक: 03.06.2022 कार्य का नाम: मुंबई मंडल के तिलकनगर-वाशी खंड को छोड़कर हार्बर लाइन और ट्रांसहार्बर लाइन (30 किलोमीटर) में अनरेगुलेटेड ओएचई का रेगुलेटेड ओएचई में परिवर्तन। **अनुमानित लागत:** ₹7,42,43,579.38/- **ईएमडी:** ₹5,21,200/- **ऑफर की वैधता:** 60 दिन **समापन अवधी:** 12 महिने **निविदा फार्म का मूल्य:** कुछ नहीं। उक्त I) **निविदा का निविदा बंद करने की तारीख और समय:** दिनांक **01.07.2022** को 11.00 बजे तक, और 11.00 बजे के बाद खोला जाएगा। II) शुध्दिपत्रक के विवरण हेतुं अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर भेट देने का अनुरोध है। III) केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से उपर्युक्त इलेक्टॉनिकलि ई-टेन्डर में निविदा धारक सहभाग ले सकते है और ई- टेन्डर के अलावा हस्तचलित प्रस्तुत करने का निवेदन देने की अनुमति नहीं है। हस्तचलित रूप से, यदि निविदा खुलने के बाद की प्रस्तुति का विचार नहीं किया जाएगा। IV)अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्सभवन, **सीएसएम टी** मुंबई 400001। फोन 022-22612355। निवीदाओं संबंधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

रेलमदद हेल्पलाइन 139 — **160**

पश्चिम रेलवे द्वारा विभिन्न गंतव्यों हेतु 5 जोड़ी गाड़ियों की सेवा बहाल

गाड़ी क्र.	आरंभिक स्टेशन तथा गंतव्य	बहाली की प्रभावी तिथि	प्रस्थान	आगमन
19417	मुंबई सेंट्रल - अहमदाबाद	09.06.2022	12:50 बजे	03:05 बजे (अगले दिन)
19418	अहमदाबाद - मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस	06.06.2022	23:35 बजे	14:55 बजे (अगले दिन)
19425	मुंबई सेंट्रल - नंदूरबार एक्सप्रेस	07.06.2022	22:05 बजे	09:25 बजे (अगले दिन)
19426	नंदूरबार - मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस	08.06.2022	14:00 बजे	00:50 बजे (अगले दिन)
19035	वडोदरा - अहमदाबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस	06.06.2022	18:20 बजे	20:45 बजे (उसी दिन)
19036	अहमदाबाद - वडोदरा इंटरसिटी एक्सप्रेस	06.06.2022	14:00 बजे	16:45 बजे (उसी दिन)
09273	वडोदरा - अहमदाबाद अनारक्षित एमईएमयू स्पेशल	05.06.2022	10:15 बजे	13:35 बजे (उसी दिन)
09312	अहमदाबाद - वडोदरा अनारक्षित एमईएमयू स्पेशल	05.06.2022	17:00 बजे	20:05 बजे (उसी दिन)
09161	वलसाड - वडोदरा अनारक्षित स्पेशल	06.06.2022	06:00 बजे	12.15 बजे (उसी दिन)
09162	वडोदरा - वलसाड अनारक्षित स्पेशल	06.06.2022	14.50 बजे	21.15 बजे (उसी दिन)

समय-सारिणी, ठहरावों और संयोजन की विस्तृत जानकारी के लिये यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in का अवलोकन करें.

सभी पीआरएस काउंटर्स पर और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर गाड़ी क्र. 19417, 19418, 19035 एवं 19036 के लिये बुकिंग दि. 04.06.2022 से तथा 19425 और 19426 के लिये बुकिंग दि. 05.06.2022 से शुरू होगी.

पश्चिम रेलवे — www.wr.indianrailways.gov.in — हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly — हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly — आज़ादी का अमृत महोत्सव

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिये पहचान प्रमाण पत्र साथ रखें

राष्ट्रीय रेल और परिवहन संस्थान (NRTI)

(2018 में भारत सरकार द्वारा स्थापित मान्य यूनिवर्सिटी)

NAIR कैंपस, लालबाग, वडोदरा, गुजरात - 390004 (भारत)

NRTI/REG/ADM/2022/2nd — **31/05/2022**

प्रवेश सूचना

NRTI द्वारा AY 2022-23 के लिए निम्नलिखित शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित हैं:

अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम

1. B.Tech. (रेल इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग)
2. B.Tech. (रेल प्रणाली और संचार इंजीनियरिंग)
3. B.Tech. (मैकेनिकल और रेल इंजीनियरिंग)

प्रवेश परीक्षा: JEE (मेन) NRTI में आवेदन की अंतिम तिथि - 30 जून, 2022

पोस्टग्रेजुएट प्रोग्राम

1. MBA (परिवहन अर्थशास्त्र और प्रबंधन)
2. MBA (लॉजिस्टिक्स एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट)
3. परिवहन प्रौद्योगिकी और पोलिसी में MSc
4. परिवहन सूचना प्रणाली और विश्लेषिकी में MSc
5. रेलवे सिस्टम इंजीनियरिंग और एकीकरण में MSc (यूनिवर्सिटी ओफ बर्मिंगहाम, यूके के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय डिग्री कार्यक्रम)

प्रवेश परीक्षा - CUET-PG 2022. CUET के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि - 18 जून, 2022

NRTI की मुख्य विशेषताएं और प्रस्तावित कार्यक्रम

- NRTI ने AY 2018-19 में बीबीए / बीएससी के 100 छात्रों के साथ पहले बैच का परिचालन शुरू किया
- 2021 में स्नातक हुए बीबीए और बीएससी के पहले बैच का उत्कृष्ट प्लेसमेंट
- अग्रणी शिक्षाविदों और ईंडस्ट्री प्रोफेशनलों से युक्त एक प्रख्यात प्